# नरसिंहपुर-मंदसौर के एसपी बदले

## 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**भोपाल, 21 अगस्त. मध्य प्रदेश सरकार ने पुलिस व्यवस्था में बड़ा फेरबदल करते हुए नौ आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है. गृह विभाग ने गुरुवार देर रात इस संबंध में आदेश जारी किए. तबादलों के तहत नरसिंहपुर और मंदसौर जिलों के पुलिस अधीक्षक बदल दिए गए हैं, वहीं भोपाल और इंदौर में भी कई अहम पदों पर नई तैनाती की गई है.**


अभिषेक आनंद


विनोद मीना


मृगाखी डेका


मयूर खंडेलवाल

नरसिंहपुर की पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका को हटाकर पुलिस मुख्यालय, भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है. उनकी जगह इंदौर के डीसीपी जोन-4 ऋषिकेश मीना को नरसिंहपुर का नया एसपी नियुक्त किया है. मंदसौर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद को सेनानी, प्रथम वाहिनी, विसबल, इंदौर भेजा गया है, जबकि उनकी जगह इंदौर के डीसीपी जोन-1 विनोद कुमार मीना को मंदसौर एसपी की जिम्मेदारी दी गई है.

### जिले में भी फेरबदल

भोपाल जिले में भी फेरबदल किया गया है. डीसीपी जोन-4 जितेंद्र सिंह पंवार को डीसीपी (ट्रैफिक) बनाया गया है, वहीं उज्जैन के एएसपी मयूर खंडेलवाल को डीसीपी जोन-4 भोपाल पदस्थ किया गया है. इंदौर में भी जिम्मेदारियों में बदलाव हुआ है. जबलपुर के एएसपी आनंद कलादगी को डीसीपी जोन-4 और ग्वालियर के एएसपी कृष्ण लालचंदानी को डीसीपी जोन-1 इंदौर नियुक्त किया गया है. इसके अलावा सिंगरौली के एएसपी अभिषेक रंजन को उज्जैन का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनाया गया है.

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**शाजापुर, 21 अगस्त.** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाजापुर द्वारा आरोपी रामचन्द्र पिता धूलजी परमार आयु 56 साल निवासी बरवाल जिला शाजापुर को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई.इसके अलावा 2000 रुपए का अर्थदंड, धारा 307 में 5 वर्ष सश्रम कारावास व 1000 रुपए अर्थदंड, धारा 323 में छह माह का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड एवं आयुध अधिनियम की धारा 25 (1 बी) (बी) 2 वर्ष का सश्रम कारावास व 2000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया. आरोपी दिलीप पिता रामचन्द्र को भादवि की धारा 323 में विचारण के दौरान भुगताई गई 234 दिवस की अवधि एवं रुपए 500 अर्थदंड से दंडित किया गया.

# भ्रष्टाचार केस में डाक अधिकारियों को सजा

**1.21 करोड़ रुपये हेरफेर का मामले**

**सीबीआई कोर्ट का फैसला, अदालत ने जुर्माना भी लगाया**



**जबलपुर, 21 अगस्त. सीबीआई अदालत ने मध्य प्रदेश के डाक विभाग के तीन अधिकारियों को भ्रष्टाचार के एक मामले में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया और सजा सुनाई है. जिससे सरकारी खजाने को 1.21 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ.**

सीबीआई के अनुसार, अदालत ने बुधवार को सागर जिले के बीना एलएसजी उप डाकघर के तत्कालीन उप डाकपाल विशाल कुमार अहिरवार को 39 हजार रुपये के जुर्माने के साथ पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। विशाल कुमार अहिरवार के सहयोगी हेमंत सिंह और रानू नामदेव जो दोनों उसी शाखा में उप डाकपाल के रूप में कार्यरत थे को चार-चार साल के कारावास और सात हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है. सीबीआई ने 17 नवंबर 2022 को विशाल कुमार अहिरवार और अन्य के विरुद्ध एक जनवरी 2020 से पांच जुलाई 2021 के बीच आरोपी अधिकारियों द्वारा डाकघर में अपने पदों का दुरुपयोग करने के आरोपों के बाद अन्य लोगों पर आरोप तय किए गए. जांच से पता चला कि उन्होंने कई डाक बचत खातों में हेराफेरी की और जाली पासबुक जारी करके सरकारी धन का गबन किया.

> सीबीआई के बयान में कहा गया कि आरोपियों ने सरकारी खजाने को 1,21,82,921 रुपये का गलत नुकसान पहुंचाया और खुद को भी गलत लाभ पहुंचाया। जांच के बाद 29 दिसंबर 2023 को जबलपुर स्थित सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश की अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया गया। विस्तृत सुनवाई के बाद अदालत ने तीनों को भ्रष्टाचार और संबंधित आरोपों में दोषी ठहराया।

# पत्थर पटककर की युवक की हत्या

**मंडला, 21 अगस्त.** महाराजपुर थाना क्षेत्र के मोहनटोला बेरटोला में एक अज्ञात युवक की पत्थर से सिर कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई. सोमवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंचे ग्रामीणों में सनसनी फैल गई.पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त की कोशिशें शुरू कीं. ग्रामीणों ने बताया कि मृतक गांव का नहीं है, जिसके चलते तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं. प्रारंभिक जानकारी में मृतक की पहचान पटपर सिंगारपुर निवासी के रूप में सामने आई है. इस संबंध में वहां से कुछ ग्रामीणों को बुलवाया गया है.

# एंबुलेंस नहीं मिली, बस में गर्भवती का प्रसव

**बस स्टॉफ ने दिखाई मानवता, अस्पताल में कराया भर्ती**

**पन्ना, 21 अगस्त. समय से एंम्बुलेंस न मिलने से एक गर्भवती महिला का प्रसव बस में होने का मामला प्रकाश में आया है संकट के समय बस स्टाफ ने मानवता का परिचय देते हुए सीधे बस अस्पताल ले गया और महिला को सुरक्षित अस्पताल में भर्ती कराया.**



मामले के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्ना जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत ग्राम पगरा निवासी एक महिला को 20-21 अगस्त 2025 की रात्रि लगभग 2 बजे प्रसव पीड़ा होने पर परिवार के लोगों के द्वारा 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया लेकिन बार-बार कॉल करने के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं पहुंची तो सुबह लगभग 6 बजे भोपाल से पन्ना आ रही विंध्याचल यात्री बस में गर्भवती महिला को लेकर रवाना हुए लेकिन कुछ ही देर में महिला की प्रसव पीड़ा बढ गई अमानगंज से आगे पहुंचने पर महिला दर्द से चींखने चिल्लाने लगी.

> बच्चे का सिर बाहर निकल चुका है बस में कोई जानकार व्यक्ति नहीं था जो महिला की मदद कर सके ऐसे में ड्राइवर और कंडक्टर को बस को बिना कहीं रोके जिला अस्पताल पन्ना के गेट में महिला को पगरा से जिला अस्पताल पन्ना के गेट तक 1 घंटे के अंदर पहुंचाया जहां महिला का सुरक्षित प्रसव होने से जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं.

# बाढ़ग्रस्त लिलवारा पहुंचे सिंधिया पीड़ितों से मिले

**सुविधाओं, राहत सामग्री व पुनर्वास कार्यों की जानकारी ली**

**शिवपुरी, 21 अगस्त. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज अपने संसदीय क्षेत्र के चार दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत शिवपुरी जिले के कोलारस स्थित बाढ़ग्रस्त गांव लिलवारा पहुचे.**

सिंधिया ने आपदा प्रभावित ग्रामवासियों से सीधे संवाद करते हुए उनके लिए प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही बुनियादी सुविधाओं, राहत सामग्री और पुनर्वास कार्यों की जानकारी ली. उन्होंने गांव में जाकर बाढ़ से क्षतिग्रस्त मकानों और खेतों का निरीक्षण किया तथा फसल को हुए नुकसान का भी आकलन किया.

**लगातार निगरानी और त्वरित राहत प्रयास**

पिछले माह 27 से 29 जुलाई के दौरान गुना, शिवपुरी और अशोकनगर में अतिवृष्टि और बारिश से हुई आपदा पर सिंधिया लगातार नजर बनाए हुए थे. इस दौरान उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और स्थानीय प्रशासन से सतत संपर्क साधकर राहत कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाया.

### शोक संवेदना व्यक्त करने घर पहुंचे सिंधिया

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने लिलवारा दौरे के बाद शिवपुरी के फतेहपुर रोड स्थित पार्षद सुधीर आर्या के दिवंगत पिताजी व भाई तथा पार्षद मदन खटीक 'मट्टू' की दिवंगत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की. आज लिलवारा गाँव के दौरे के दौरान सिंधिया के साथ स्थानीय प्रशासन का पूरा महकमा मौजूद रहा. उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को राहत और पुनर्वास कार्यों को और प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए.

### आर्थिक सहायता

मंत्री के प्रयासों से ग्राम लिलवारा के प्रभावित परिवारों को अब तक लगभग 23 लाख की आर्थिक सहायता राशि के साथ-साथ खाद्यान्न, तिरपाल उपलब्ध कराई जा चुकी है. सिंधिया ने केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से चल रहे विस्थापन एवं पुनर्वास कार्यक्रमों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया. सिंध नदी में आई बाढ़ का जलस्तर अब घट चुका है, जिसके बाद प्रभावित क्षेत्रों में क्षति का वास्तविक स्वरूप सामने आ रहा है. सिंधिया और राज्य सरकार के निर्देश पर प्रशासन द्वारा निरंतर सर्वे कर क्षति का आकलन किया जा रहा है.

# 15 कट्टो में भरा 300 किग्रा डोडाचुरा पकड़ा

**नीमच, 21 अगस्त. पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी नीमच सिटी निरी. विकास पटेल के नेतृत्व मे पुलिस टीम थाना नीमच सिटी द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर अवैध डोडाचुरा का परिवहन करते अर्टिगा कार सहित 01 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है.**



पुलिस थाना नीमच सिटी द्वारा दिनांक 20.08.2025 को सेंट फ्रांसीस स्कुल के सामने नीमच मनासा रोड नीमच थाना नीमच सिटी पर मुखबीर सुचना पर कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी की जाकर एक अर्टिगा वाहन क्र आरजे 27 युबी 3869 को मय पंचानो व फोर्स की मदद से रोककर उसकी तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे वाले वाहन के अंदर भरा कुल 300 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा आरोपी कन्हैयालाल पिता शंकरलाल रेंगर उम्र 19 साल नि. गंगरार जिला चित्तोडगढ राज से जप्त किया गया तथा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया. मौके पर की गई कार्यवाही पूर्ण कर, थाना नीमच सिटी पर अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मेलिया व गिर. आरोपी से अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा के स्त्रोतो के संबंध मे पूछताछ की जा रही है.

# खेत से लौट रहा किसान नदी में बहा, पुलिस कर रही तलाश

**नरसिंहपुर, 21 अगस्त. तिंदनी गांव में आज उस वक्त चीख पुकार मच गई. जब खेत से घर लौट रहे किसान मुकेश यादव अचानक गिरकर नदी में बह गए. ग्रामीणों ने देखा तो चीख पुकार मच गई.**

खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने एसडीईआरएफ की मदद से किसान की तलाश शुरु कर दी है. बताया गया है कि नरसिंहपुर के ग्राम तिंदनी में रहने वाले किसान मुकेश यादव उम्र 38 वर्ष आज शाम 4 बजे के लगभग खेत से काम निपटाकर घर के लिए निकले, रास्ते में उमर नदी के पास से गुजरते वक्त मुकेश का पैर फिसल गया और वे उफनाती नदी में गिर गए. ग्रामीणों ने मुकेश को नदी में गिरते देखा तो शोर मचाया, इस बीच कुछ लोगों ने बचाने के प्रयास किए, लेकिन तेज बहाव में मुकेश देखते ही देखते ओझल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई. स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बचाव दल मुकेश की तलाश की गई लेकिन उनका कही पता न चल सका. किसान मुकेश यादव के नदी में बहने की खबर से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है. परिजनों में चिंता का माहौल है.

# हादसे में आधा दर्जन घायल, चार गंभीर

## गढ़ी तिराहे के पास भीषण सड़क दुर्घटना

**अनूपपुर, 21 अगस्त. गुरुवार दोपहर कोतमा थाना अंतर्गत गढ़ी तिराहे के पास खनिज से भरे हाईवा वाहन ने एक मैजिक गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी. इस भीषण सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए. टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई.**

स्थानीय नागरिकों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत में चार लोगों को जिला अस्पताल अनूपपुर एवं मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मैजिक वाहन ( एमपी 18 टी 1071) का चालक रवि पंडित (26 वर्ष) गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे कोतमा बाजार से 9-10 सवारियों को लेकर खरुहा व आसपास के गांव लौट रहा था. इस दौरान गढ़ी तिराहे के पास क्रेशर से बजरी लोड कर तेज रफ्तार से आ रहे हाईवा ( यूपी 95 टी 0260) ने मैजिक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर से मैजिक वाहन मौके पर ही पलट गया. हादसा इतना भयावह था कि 30 वर्षीय महिला सरिता का बायां हाथ कटकर अलग हो गया.



> **ये हुए घायल:** हादसे में कुसुम पति समयलाल केवट, निवासी खरुहा को सिर में चोट,मायादीन पिता कुना सिंह गोंड़, निवासी मिरकान को कंधे में चोट,आधू पिता मायाराम सिर में चोट, मायाराम पाव, पिता साधुलाल, निवासी कोतमा - चोटिल हुए हैं. गंभीर रूप से घायल फूलकुवंर, निवासी मिरकान के सिर में गंभीर चोट आने से अनूपपुर रेफर किया है. सरिता पति तुलसी वंशकार, निवासी बिलटुकरी व दादूराम, निवासी खरुहा - सिर व कंधे में गंभीर चोट पर शहडोल रेफर किया.

# छात्राओं से छेड़छाड करने वाला शिक्षक डामोर निलंबित

**झाबुआ, 21 अगस्त. कलेक्टर नेहा मीना ने शासकीय हाईस्कूल भेरूगढ की कक्षा 8वीं एवं कक्षा 9वीं के छात्राओं के साथ अभ्रद, अशिष्टता, छेड़छाड़ की जाने के संबंध में प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए माध्यमिक शिक्षक विकास डामोर को निलंबित किया है.**

प्राचार्य, सांदीपनि विद्यालय खवासा विकास खंड थांदला जिला झाबुआ द्वारा प्रेषित पत्र अनुसार शासकीय हाईस्कूल भेरूगढ में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक विकास डामोर द्वारा संस्था की कक्षा 8वीं एवं कक्षा 9वीं के छात्राओं के साथ अभ्रद, अशिष्टता, छेड़छाड़ की जाने के संबंध में पंचनामा तैयार किया जाकर, कार्यालय को प्राप्त हुआ. प्राप्त शिकायत की जांच हेतु 3 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया. गठित जांच दल समिति द्वारा 21 अगस्त को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. गठित जांच समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार माध्यमिक शिक्षक विकास डामोर का व्यवहार विद्यालय की छात्राओं के प्रति अत्यन्त अभद्र एवं अशिष्टता पूर्ण किया जाना पाया गया. यह प्रकरण छात्राओं की सुरक्षा से संबंधित होकर, अत्यंत ही गंभीर एवं संवेदनशील होने से विकास डामोर, माध्यमिक शिक्षक, शा. हाईस्कूल भेरूगढ को उक्त कृत्य हेतु तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है.

# यातायात को अवरूद्ध कर रहे अतिक्रमण को हटाया



**प्रमुख सड़कों व बाजार क्षेत्र में की कार्रवाई**

**ग्वालियर, 21 अगस्त. नगर निगम द्वारा सुगम यातायात के लिये शहर की प्रमुख सड़कों एवं बाजारों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई.**

गुरूवार को निगम अमले द्वारा लगातार स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में की गई जिसके तहत पूर्व विधानसभा अंतर्गत झांसी रोड़ बस स्टैंड के बाहर फुटपाथ पर हाथ ठेले एवं गुमटी लगा कर किये गये अतिक्रमण को हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई. कार्यवाही में मदाखलत निरीक्षक विशाल जाटव एवं मदाखलत अमला मौजूद रहा. इसके साथ ही मेहराब साहब की तलैया हॉकर्स जोन के बाहर मुख्य मार्ग पर एवं जनकगन्ज डिस्पेंसरी से छत्री मण्डी सहित मुख्य मार्गों एवं विभिन्न स्थानों पर खड़े यातायात में बाधक हाथ ठेलों, फुटपाथी दुकानों एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को मदाखलत दल (दक्षिण) द्वारा हटवाया गया तथा जप्त किए सामान को मदाखलत कार्यालय हुरावली रोड स्थित कार्यालय पर भिजवाया गया.

> इसके अलावा महाराज बाडा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्थानों छापाखाना, गोरखी गेट, गोरखी स्काउट, टोपी बाजार, टाउन हॉल, गांधी मार्केट सहित मुख्य मार्गों एवं विभिन्न स्थानों पर लगे कट आउटों, पोस्टरों, बैनरों को मदाखलत दल द्वारा हटवाया गया.

# खेत में बिछाए खुले बिजली के तार से सियारों की मौत

**धार, 21 अगस्त. धार जिले के मनावर तहसील के ग्राम टेमरिया में मंगलवार रात खेत के चारों ओर बिछाए गए खुले बिजली के तारों के करंट की चपेट में आने से दो सियारों की मौत हो गई. घटना के बाद वन विभाग ने खेत मालिक के खिलाफ वन अपराध प्रकरण दर्ज कर लिया है.**

वन मंडल अधिकारी विजयानंदम टीआर ने बताया कि वन परिक्षेत्र टाण्डा की सबरेंज जीराबाद अंतर्गत ग्राम टेमरिया में बिजली विभाग के पावरग्रिड के सामने स्थित मक्का की फसल वाले खेत में वन्यजीव मृत पाए गए. वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जाँच में पता चला कि खेत में बिछाए गए खुले बिजली के तार के कारण यह हादसा हुआ. मृत पाए गए सियारों में एक मादा की उम्र 2 से 3 वर्ष और दूसरी मादा की उम्र 3 से 4 वर्ष आंकी गई. आसपास के क्षेत्र में बिजली के तार दिखाई नहीं दिए, लेकिन ग्रामीणों से पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि टेमरिया निवासी बापू पिता मडिया ने अपनी फसल की सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर विद्युत वायर बिछाया था. यही तार करंट से जुड़कर वन्यजीवों की मौत का कारण बने. घटना की जानकारी पर खण्डलाई (मनावर) से पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर मृत सियारों का पोस्टमार्टम कराया गया.

**परेशानी** | किसान महिलाओं के साथ पहुंचे कलेक्ट्रेड

# जिलेभर में खाद के लिए मचा हाहाकार

**सिंगरौली 21 अगस्त. देवसर, चितरंगी, सरई हो या माड़ा, खाद के लिए सभी जगह मारामारी मची हुई है. कहीं किसानों को खाद के लिए रतजगा करना पड़ रहा है, तो वही आधा सैकड़ा महिलाओं के साथ किसान कलेक्ट्रेट पहुंच खाद के लिए हंगामा शुरू कर दिया. किसानों को आक्रोश को देख कर प्रशासन ने कोतवाली पुलिस बुला लिया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ.**



बता दें कि विपणन केंद्र में खाद की किल्लत है. आज दिन गुरुवार को सैकड़ों किसान खाद नहीं मिलने से नाराज होकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए और प्रदर्शन किया. हालात तनावपूर्ण होते देख बैढ़न थाना और महिला थाना की पुलिस बुलानी पड़ी. पहले किसानों को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन जब वे नहीं माने तो पुलिस ने उन्हें वहां से हटाया. कचनी गांव के किसान राम अवतार कुशवाहा ने बताया कि उन्हें अब तक एक भी बोरी यूरिया नहीं मिल पाई है.

> खाद की किल्लत इस तरह से देखकर समझा जा सकता है. किसान सुबह से ही खाद के लिए कतार में खड़े हो गए थे, लेकिन उन्हें 6 से 8 घंटे कतार में खड़े रहने के बावजूद खाद नहीं मिली. किसानों ने एक एकड़ में कम से कम एक बोरी खाद दिलाने की मांग की. बता दें कि सुबह का इंतजार किसान नही करते, आधी रात से ही लाईन लगाकर खड़े हो जाते हैं, ताकि उन्हें खाद मिल सके. आज अल सुबह से ही किसान लाइन लगाकर खड़े थे.

# असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**खंडवा.** जिले के विभिन्न थानों में 22 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है. धारा 126/135बीएनएसएस के तहत 19 प्रकरणों मे 20 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 2 प्रकरण में 2 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है. जिले में 3 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है. पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में 16 गिरफ्तारी, 01 स्थाई वारंट, 35 जमानती वारंट, 82 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए.

# ट्रेनों में सिर्फ आठ मिनट में ही 'नो रूम' की स्थिति बनी

**दीपावली पर जाने यात्री कर रहे थे टिकट बुक**

**ग्वालियर, 21 अगस्त.** दीपावली के लिए ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर टिकट विंडो खुलने के साथ ही बड़े शहरों को आने-जाने वाली ट्रेनों में 8 मिनट में ही 'नो रूम' की स्थिति बन गई. उधर मुंबई-ग्वालियर इंडिगो फ्लाइट का किराया सामान्य 5 हजार से बढ़कर 14 हजार पार कर गया है. दीपावली में अभी दो माह शेष हैं, लेकिन यात्रियों की परेशानी शुरू हो गई है. महानगरों से ग्वालियर आने वाली अधिकांश ट्रेनें हाउसफुल हो चुकी हैं. वहीं, मुंबई-ग्वालियर फ्लाइट का किराया सामान्य से तीन गुना अधिक हो गया है. स्टेशन के आरक्षित टिकट काउंटर पर आज सुबह से अफरातफरी की स्थिति है.



# पलासिया के जंगल में मिली युवक की लाश

**नीमच.** जिले में मनासा क्षेत्र के पलासिया और नवलपुरा के जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला है. मृतक की पहचान कंजार्डा चौकी के रहने वाले 27 वर्षीय कमलेश राठौर के रूप में हुई है. कमलेश बुधवार सुबह 11 बजे के करीब कंजार्डा से मनासा जाने की बात कहकर निकला था. देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को जंगल में उसके शव के मिलने की सूचना मिली. रात साढ़े 9 बजे के आसपास झाड़ियों के बीच एक पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका शव लोगों ने देखा.सूचना मिलते ही कंजार्डा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए मनासा शासकीय अस्पताल भेजा.